# हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा

(भोजपुर) – 802301, बिहार

• NAAC Accredited with 'B+' Grade •

## शिक्षक संघ एवं महाविद्यालय कर्मचारी संघ

A Constituent Unit of Veer Kunwar Singh University, Ara (Bihar)

पत्रांक : SSM/2026/1 दिनांक : 8/8/2026

सेवा में,

प्राचार्य महोदय,
हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा

विषय : 10 अगस्त 2026 को प्रस्तावित सामूहिक अवकाश प्रदान करने एवं विश्वविद्यालय आंदोलन में सहभागिता के संवंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि बिहार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम - 2026 के विरोध में दिनांक 10 अगस्त 2026 (सोमवार) को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में राज्यस्तरीय धरना-प्रदर्शन एवं विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस संबंध में दिनांक 08 अगस्त 2026 को महाविद्यालय के शिक्षक संघ शिक्षकेतर कर्मचारी संघ एवं अतिथि शिक्षकों की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं अतिथि शिक्षक दिनांक 10 अगस्त 2026 को सामूहिक अवकाश लेकर वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में आयोजित आंदोलन में सहभागिता करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त तिथि को सभी संबंधित शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं अतिथि शिक्षकों को सामूहिक अवकाश की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें, ताकि सभी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

आशा है कि आप उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालयों के हित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक स्वीकृति प्रदान करेंगे।

भवदीय,

Akhouri Mahan Sinh
8/8/26

( अखौरी महान सिन्हा)
सचिव, महाविद्यालय कर्मचारी संघ
हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा

8/8/26

(डॉ. संजय कुमार चौबे)
सचिव, शिक्षक संघ
हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा

Scanned with OKEN Scanner

# शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ

## हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा

(वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

**भोजपुर, आरा**


संरक्षक
**श्री मनिष कुमार श्रीवास्तव**

अध्यक्ष
**श्री शंभू शरण ओझा**

सचिव
**अखौरी महान सिन्हा**

उपाध्यक्ष
**श्री धर्मवीर कुमार**

संयुक्त सचिव
**संतोष कुमार**

कोषाध्यक्ष
**श्री राजेश कुमार ठाकुर**

कर्मचारी कल्याण कोष
**श्री धीरज कुमार**

कार्यकारिणी सदस्य
**संतोष कुमार।**
**कमलदेव सिंह**
**पिन्टु कुमार सिंह**
श्री भरत प्रसाद
**मीरा देवी**


पत्रांक :-

दिनांक :- 8/8/26

प्रेषक

अध्यक्ष / सचिव

दिनांक - 10/08/2026 को होने वाले सामूहिक अवकाश में महाविद्यालय के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के शिक्षक तथा कर्मी एवं आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे (मानवबल) उक्त सामूहिक अवकाश में नैतिक समर्थन की अपेक्षा करेंगें। आपसे निवेदन है की सामूहिक अवकाश समर्थन करते हुये आन्दोलन को मजबुती प्रदान करेंगें।

Akhouri Mahan
Sinha
Sec
Non-teaching
Assoc
H.D-Jain-college
Ara.